पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड–19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कक्षा– 06 व 09 में प्रवेश सम्बंधित सूचना

अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ में प्रवेश हेतु ऑफलाइन/ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रक्रिया शुरू

लखनऊ : 19 नवंबर, 2026

उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, सिठौली कलां, मोहनलालगंज, लखनऊ में लखनऊ मण्डल के जनपद– लखनऊ, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत तीन वर्ष की बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड–19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिये कक्षा–6 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिका) व कक्षा–9 में उपलब्ध कुल 8 सीट (बालिका) पर अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ में प्रवेश हेतु ऑफलाइन/ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 तक दिनांक 20.11.2026 से निःशुल्क सम्बंधित जनपद के श्रम कार्यालय/जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय/बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय/जिला विद्यालय निरीक्षक/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं अटल आवासीय विद्यालय, लखनऊ से सामान्य निर्देश सहित प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुये आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त फोटो के साथ दिनांक–05.01.2027 की सायं–05:00 बजे तक सम्बंधित जनपद के श्रम विभाग कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं। इसके अलावा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 05.01.2027 सायं 05:00 बजे तक, परीक्षा तिथि– 31.01.2027 तथा परीक्षा का समय– प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक है।

प्रवेश परीक्षा लखनऊ मण्डल के आवर्त जनपदों– लखनऊ, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई में सम्पन्न होगी। प्रवेश परीक्षा का स्थान प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। प्रवेश पत्र प्रवेश परीक्षा दिनांक से एक

सप्ताह पूर्व श्रम विभाग के जनपदीय कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। चयन परीक्षा अवधि 02 घंटे होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट (upbocw-in) पर देखे व आवेदन पत्र भी यहाँ से डाउनलोड/आवेदन कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र– सोनी सिंह

राम यतन/05:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in